ज़ोलोपैक लगाएगा सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट का मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट

भोपाल। सस्टेनेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के प्रमुख निर्माता पुणे स्थित ज़ोलोपैक इंडिया लिमिटेड मध्यप्रदेश के भोपाल के पास पीलूखेड़ी में 75,000 वर्ग फुट में फैले एक अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना करेगा। मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार, 01 मार्च को उज्जैन से फैक्ट्री का वर्चुअल भूमिपूजन समारोह आयोजित किया। वही नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने स्थल पर भूमिपूजन समारोह किया। ज़ोलोपैक के एमडी और सीईओ, शशांक मिश्रा ने कहा 'हमें पीलूखेड़ी में बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग प्रोडक्ट के लिए एक विश्वस्तरीय मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की प्रसन्नता है। आगे श्री मिश्रा ने कहा, ये 'मेड इन इंडिया' जैविक रूप से बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग सॉल्यूशन की एक वाइड रेंज के लिए एक एंड-टू-एंड निर्माता और निर्यातक बनने की हमारी आकांक्षा की महत्वपूर्ण कदम हैं।